# Government Pataleshwar College Masturi
## District- Bilaspur (C.G) -495551

**Mechanism to deal with internal/external examination related grievances**


बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
BILASPUR VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
(Established by Chhattisgarh Legislative Assembly Act No. 07 of 2012)
पुराना हाईकोर्ट भवन, गांधी चौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.) 495001
फोन : 07752–220031,220032,220033 फैक्स 07752–260294
वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in


क्र 1465/परीक्षा/मार्गदर्शिका/2017 बिलासपुर, दिनांक 01/03/2017

**//मुख्य परीक्षा–2017 हेतु केन्द्राध्यक्षों को निर्देश//**

शैक्षणिक सत्र 2016–17 की मुख्य परीक्षा 06/03/2017 से विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित 91 परीक्षा केन्द्रों में प्रारंभ हो रही है। मुख्य परीक्षा कार्यक्रम/समय–सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। मुख्य परीक्षा कार्यक्रम/समय–सारणी अनुसार विश्वविद्यालयीन परीक्षायें तीन पालियों में आयोजित की जायेंगी। प्रथम पाली की परीक्षायें सुबह 07:00 बजे से 10:00 बजे तक, द्वितीय पाली की परीक्षायें सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक एवं तृतीय पाली की परीक्षायें 03:00 बजे से 06:00 बजे तक सम्पन्न होंगी।

निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में विश्वविद्यालयीन परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता बनाये रखते हुए परीक्षायें निर्विघ्न रूप से संचालित किये जाने हेतु निम्नानुसार मार्गदर्शी दिशा–निर्देश जारी किये जाते हैं–

**01. वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष**

महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य पदेन वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष होंगे। वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष को प्रत्येक परीक्षा के दिन के लिए पारिश्रमिक रूपये 200/– प्रति दिन की दर से देय होगा। परीक्षा केन्द्रों में जहां एक से अधिक पालियों में परीक्षायें हो रही है, वहां प्रत्येक पाली में पृथक–पृथक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त होंगे एवं संबंधित परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य पदेन वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष होंगे। परंतु जिन परीक्षा केन्द्रों में केवल एक ही पाली में परीक्षा हो रही है/होनी है, वहां वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष ही केन्द्राध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन करेगा।

**02. केन्द्राध्यक्ष**

परीक्षा केन्द्र में प्रत्येक पाली के लिए एक केन्द्राध्यक्ष होगा। संबंधित परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष द्वारा अनुशंसित एवं/अथवा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक संबंधित पाली के लिए केन्द्राध्यक्ष के रूप में दायित्व निर्वहन करेंगे। केन्द्राध्यक्ष को पारिश्रमिक रू. 125/– प्रति पाली की दर से देय होगा। किंतु यदि एक ही व्यक्ति एक दिन में दो या अधिक पालियों के लिए केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तो, एक दिन का पारिश्रमिक रू. 250/– देय होगा।

**03 सहायक केन्द्राध्यक्ष**

परीक्षा केन्द्र में प्रत्येक पाली में पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 300 तक होने पर केन्द्राध्यक्ष को परीक्षा कार्य में सहयोग करने के लिए संबंधित परीक्षा केन्द्र के वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष द्वारा एक सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया जा सकेगा। इसी प्रकार प्रत्येक पाली में परीक्षार्थियों की संख्या 300 से अधिक परंतु 600 से अनधिक होने पर वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष द्वारा दो सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किये जा सकेंगे। प्रत्येक पाली में परीक्षार्थियों की संख्या 600 से अधिक होने पर 01 अतिरिक्त सहायक केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति की जा सकेगी। सहायक केन्द्राध्यक्ष को पारिश्रमिक रूपये 100/– प्रति पाली की दर से देय होगा। यदि एक ही व्यक्ति को एक दिन में दो या अधिक पालियों में सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तो एक दिन का पारिश्रमिक रू. 200/– की दर से देय होगा।

Seen

## 04 वीक्षक

परीक्षा केन्द्र में न्यूनतम 25 परीक्षार्थियों पर एक वीक्षक/निरीक्षक की नियुक्ति अनिवार्य होगी। वीक्षक को पारिश्रमिक रू. 75/– प्रति पाली की दर से देय अस्थायी रूप से पाली केन्द्राध्यक्ष के द्वारा की जावेगी, परंतु एक कक्ष में कम से कम दो स्थायी वीक्षक के रूप में नियुक्ति मान्य नहीं होगी। वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष के आदेश एक व्यक्ति एक दिन में एक से अधिक पालियों में वीक्षक/निरीक्षक का कार्य कर सके। आवश्यकता होने पर अन्य शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों की नियुक्ति भी वीक्षक के रूप में की जा सकती है। इसके अलावा प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष अपने महाविद्यालय के प्रयोगशाला शिक्षकों, अतिथि शिक्षकों, अन्य योग्य कर्मचारियों एवं शिक्षकों की नियुक्ति कर सकते हैं। साथ ही आवश्यक हो तो निकटस्थ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को वीक्षक के रूप में अस्थायी रूप से संलग्न किया जा सकता है, किंतु संबंधित विद्यालय के प्राचार्य/विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी से इस संबंध में जानकारी अवश्य ले लेवें।

## 05 केन्द्र व्यय

परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों की संख्या का एवं पूर्व वर्ष की मुख्य परीक्षा में व्यय को ध्यान में रखते हुए फरवरी–2017 के अंतिम सप्ताह/मार्च–2017 के प्रथम सप्ताह में केन्द्र अग्रिम के प्रथम किश्त की राशि स्वीकृत कर संबंधित परीक्षा केन्द्र के बैंक अकाउंट में सीधे जमा कर दी जायेगी। केन्द्र अग्रिम की शेष राशि स्वीकृत करने हेतु संबंधित परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् कुलसचिव, बिलासपुर विश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेजेंगे। प्रस्ताव में यह भी स्पष्ट करेंगे कि परीक्षा केन्द्र में कुल व्यय कितना आयेगा। परीक्षा समाप्ति के पश्चात् दो माह के भीतर विश्वविद्यालय में केन्द्र अग्रिम का व्यय लेखा अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा। संबंधित परीक्षा केन्द्रों को परीक्षा व्यय से संबंधित सभी देयकों/प्रमाणकों को सत्यापित/प्रमाणित कर एवं संलग्न कर अंकेक्षण हेतु विधिवत बिलासपुर विश्वविद्यालय को भेजने होंगे।

**वार्षिक मुख्य परीक्षा–2017 केन्द्र अग्रिम हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव भेजा जावे–**

1. मुख्य परीक्षा–2017 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की कुल संख्या (सभी पालियों में)..........
2. परीक्षा कार्य में सलग्न तृतीय श्रेणी कर्मचारियों का पारिश्रमिक (रू. 4.00 प्रति परीक्षार्थी की दर से) रू. ..............
3. परीक्षा कार्य में संलग्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पारिश्रमिक (रू. 3.00 प्रति परीक्षार्थी की दर से) रू. ...............
4. प्रायोगिक कार्य में कर्मचारियों का पारिश्रमिक (रू. 4.00 प्रति परीक्षार्थी की दर से न्यूनतम रूपये 50/–) रू. ........
5. परीक्षा तिथिवार क्रमशः प्रथम/द्वितीय/तृतीय पाली में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर क्रमशः वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष/वीक्षक के पारिश्रमिक पर होने वाले व्यय राशि रू. .......
6. परीक्षा कार्य के लिए देय व्यय (रूपये 6.00 प्रति परीक्षार्थी की दर से न्यूनतम रूपये 1500) रू. ..........................
7. प्रायोगिक परीक्षा की सामग्रियों में व्यय रू. 2.00 प्रति परीक्षार्थी (स्नातक कक्षाओं हेतु) एवं रू. 4.00 प्रति परीक्षार्थी (स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु) की दर से रू. ..........................
8. यात्रा व्यय (आवश्यकतानुसार) रू. ..........................

परीक्षा केन्द्र में प्रत्येक पाली में परीक्षार्थियों की संख्या 500 तक 01 वाटरमेन एक दिवस के लिए होगी एवं उन्हें पारिश्रमिक जिलाधीश द्वारा अकुशल श्रमिक के लिए निर्धारित दर पर देय होगा। छात्रों के लिए पेयजल व्यवस्था कक्ष के बाहर होगी।

02. किसी भी परिस्थिति में अस्थायी मूत्रालय निर्माण, किराये केफर्नीचर जैसे व्यय विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये केन्द्र अग्रिम से स्वीकार्य नहीं होगा।

03. विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा के लिए दिये गये केन्द्र अग्रिम से निम्न मदों पर ही व्यय अंकेक्षण एवं समायोजन के लिए स्वीकार करता है।

3.1 प्रायोगिक परीक्षा हेतु आने वाले बाह्य परीक्षकों का यात्रा देयक बाह्य एवं आंतरिक परीक्षकों का मानदेय एवं निर्धारित दरों पर प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु अन्य व्यय।

3.2 वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष का पारिश्रमिक रू. ..........................................

3.3 केन्द्राध्यक्ष का पारिश्रमिक रू. ..........................................

3.4 सहायक केन्द्राध्यक्ष का पारिश्रमिक रू. ..........................................

3.5 निरीक्षक का पारिश्रमिक देयक रू. ..........................................

3.6 तृतीय वर्ग कर्मचारी का पारिश्रमिक रू. ..........................................

3.7 चतुर्थ वर्ग कर्मचारी का पारिश्रमिक रू. ..........................................

3.8 स्टेशनरी व्यय (रू. 6.00 प्रति परीक्षार्थी की दर से) रू. ..............................

04 पूर्व वर्ष की परीक्षाओं के अग्रिम से क्रय की गई स्थाई सामग्रियों का उपयोग प्रत्येक विश्वविद्यालयीन परीक्षा के लिए किया जाना चाहिए। अनावश्यक रूप से बढ़–चढ़ कर परीक्षा अग्रिम से ना तो स्टेशनी ना अन्य असंगत सामग्री का क्रय स्वीकार्य होगा।

05 कुलपति महोदय के निर्णयानुसार छात्रों से परीक्षा शुल्क के साथ लिए गये अग्रेषण शुल्क का वितरण एवं परीक्षा कार्य में संलग्न तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों का पारिश्रमिक निम्नानुसार सत्र 2016–17 की परीक्षा में वितरित होगा–

| क्रमांक | वितरण मद | राशि |
|---|---|---|
| 01 | अग्रेषण अधिकारी / प्राचार्य | रू. 6.00 |
| 02 | रजिस्ट्रार / प्रभारी अधिकारी | रू. 2.00 |
| 03 | तृतीय वर्ग कर्मचारी<br>(परीक्षा कार्य के लिए नियुक्त सभी के लिए) | रू 5.00 |
| 04 | चतुर्थ वर्ग कर्मचारी | रू 2.50 |
| 05 | आकस्मिक व्यय | रू 12.00 |
| 06 | अंकसूची वितरण | रू 3.50 |
| | कुल राशि | 30.00 रूपये मात्र |

## 06. परीक्षा केन्द्र में तिथि एवं पालीवार परीक्षार्थियों की संख्या–

मुख्य परीक्षा–2017 के परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार मार्च, अप्रैल एवं मई–2017 में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या निम्न प्रपत्र में तैयार कर लेवें–

| परीक्षा की तिथि | कक्षा / परीक्षा का नाम | परीक्षार्थियों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम पाली (प्रातः 07:00 से 10:00 बजे तक) | द्वितीय पाली ( पूर्वान्ह 11:00 से 02:00 बजे तक) | तृतीय पाली (अपरान्ह 03:00 से 06:00 बजे तक) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

5

उक्त जानकारी की एक प्रति विश्वविद्यालय को भेजते हुए एक प्रति निक केन्द्रों को उलब्ध कराते हुए यह अनुरोध करें कि प्रत्येक परीक्षा के दिन समुचित रूप एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें।

**07. दिव्यांग/अक्षम/नेत्रहीन परीक्षार्थियों को लेखक की सुविधा –**

यदि परीक्षार्थी को शारीरिक अक्षमता/विकलांगता अथवा चिकित्सागत शारीरिक कार से (सक्षम चिकित्सा अधिकारी से प्रमाणित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर) लिखने मे असमर्थ हो तो, अध्यादेश 5 की कंडिका (6) के प्रावधानानुसार एवं समय–समय पर प्रसारित अन्य दिशा–निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष की लिखित अनुमति के पश्चात ही परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी को लेखक की सुविधा दी जा सकेगी तथा इसकी लिखित सूचना वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष कुलसचिव, बिलासपुर विश्वविद्यालय को भी देंगे। नेत्रहीन परीक्षार्थियों को लेखक सुविधा के साथ–साथ एक पाली में निर्धारित परीक्षा अवधि के अतिरिक्त, 30 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। ऐसे परीक्षार्थियों के लिए पृथक बैठक व्यवस्था की जाये। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था यथासंभव परीक्षा भवन के भूतल में ही करें, ताकि परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने में किसी तरह की परेशानी न हो।

**08. केन्द्र में परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था –**

मुख्य परीक्षा–2017 का परीक्षा कार्यक्रम तैयार करते समय इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी भी परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों की संख्या अधिक न हो। यदि किसी दिन ऐसी स्थिति आती है कि केन्द्र में उपलब्ध फर्नीचर की संख्या /बैठक व्यवस्था से अधिक परीक्षार्थी हो रहें हो तो, निकटस्थ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला से या निकटस्थ शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय से (जो परीक्षा तिथि में किसी अन्य परीक्षा का केन्द्र न हो), विश्वविद्यालय से अनुमति लेकर उपकेन्द्र बनाकर परीक्षा सम्पन्न की जा सकेगी। विश्वविद्यालय की पूर्वानुमति के बिना किराये का फर्नीचर, टेन्ट एवं शामियाना न लिया जावे।

**09. केन्द्र में पुलिस व्यवस्था –**

परीक्षा केन्द्र सूची तथा परीक्षा कार्यक्रम संलग्न करते हुए कुलपति जी की ओर से जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने हेतु पत्र भेजा गया है, तथापि अपने निकटस्थ आरक्षी केन्द्र को परीक्षा तिथि एवं पालीवार परीक्षार्थी संख्या संबंधी जानकारी की प्रति संलग्न करते हुए अपनी ओर से परीक्षायें प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व से अनुरोध पत्र भेज देवें।

**10. प्रश्न पत्रों का प्रदाय एवं रख–रखाव –**

प्रश्न पत्रों के सील बंद लिफाफे एवं परीक्षा से संबंधित अन्य परीक्षा एवं गोपनीय सामग्रियों को विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों/प्राध्यापको/सहायक प्राध्यापको/कर्मचारियों द्वारा परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से यथासंभव 02 या 03 दिवस पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचाये जायेंगे। प्रश्न पत्रों के सीलबंद लिफाफों को यथासंभव आरक्षी केन्द्र में रखे जावेंगे। प्रत्येक परीक्षा तिथि में पालीवार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व प्रश्नपत्रों के लिफाफों को संबंधित पाली के केंद्राध्यक्ष की उपस्थिति में समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करने के पश्चात् ही खोले जावेंगे। परीक्षा केंद्र के स्ट्रांग रूम में (जहां प्रश्नपत्रों के लिफाफे सुरक्षित रखे गये है) परीक्षा कार्य में संलग्न केंद्राध्यक्ष के अलावा मोबाईल फोन लेकर किसी भी अन्य व्यक्ति को प्रवेश न करने देवें।

उड़नदस्ते द्वारा आकस्मिक निरीक्षण –

परीक्षा के दौरान परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण हेतु प्रत्येक जिले हेतु 01–01 उड़नदस्ता दल एवं 01 केंद्रीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। यह दस्ता बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी परीक्षा केन्द्र आकस्मिक निरीक्षण करेगा। उड़नदस्ता दल के सदस्यों को परीक्षा केंद्र में कृपया निम्नानुसार सहयोग प्रदान करें–

1. परीक्षा कक्ष में निरीक्षण करने दें। यदि वे नकल करते हुये किसी परीक्षार्थी को पकड़ते है तो, नकल प्रकरण बनाने में समुचित सहयोग करें।
2. लिखित उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने संबंधी अभिलेख दिखाकर अभिमत अंकित करा लेवें।
3. अन्य जानकारियां उड़नदस्ता दल के अपेक्षा के अनुरूप दी जावें।

12. कंट्रोल रूम –

परीक्षा केंद्र में परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्रों में त्रुटियों, विषय से संबंधित प्रश्न न पूछे जाने, पाठ्यक्रम के बाहर से प्रश्न पूछे जाने आदि के संबंध में पूछताछ के लिए विश्वविद्यालय में "नियंत्रण कक्ष" बनाया गया है। "नियंत्रण कक्ष" में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो संबंधित प्रश्नपत्र में हुई त्रुटियों या परीक्षा केंद्रों से परीक्षा के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में आवश्यक सलाह/मार्ग–दर्शन/दिशा–निर्देश प्रदान कर सकेंगे। "नियंत्रण कक्ष" का टेलीफोन नं. 07752–220033 है।

इसके अलावा परीक्षा संबंधी किसी भी सुझाव/शिकायत के लिए सीधे परीक्षा नियंत्रक एवं/अथवा सहायक कुलसचिव (परीक्षा) से उनके मोबाईल नंबर में संपर्क कर सीधे संवाद कर सकेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (डॉ. पी.के. पाण्डेय) 7898370386

सहायक कुलसचिव (सी.एल. टंडन) 9406260442

13. पर्यवेक्षक की नियुक्ति–

आवश्यकता होने पर विश्वविद्यालय द्वारा संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति द्वारा की जाएगी, जिनके नियंत्रण एवं निर्देशन में संबंधित परीक्षा केंद्र में परीक्षाएं संचालित होगी।

14. अनुपस्थित छात्रों की सूचना देना–

प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में प्रत्येक पाली में कक्षावार/प्रश्नपत्रवार अनुपस्थित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक दर्ज करने हेतु पंजी संधारित करें। प्रत्येक पाली में परीक्षा समाप्ति के बाद अनुपस्थित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक की सूची प्रश्नपत्रवार लिखित उत्तर–पुस्तिकाओं के बंडल में डॉकेट के साथ अवश्य रखें। परीक्षा केन्द्र में समस्त परीक्षाएं सम्पन्न होने के बाद कक्षावार विषय/प्रश्नपत्र में अनुपस्थित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक की सूची एवं परीक्षार्थियों के उपस्थिति–पत्रक/अभिप्रमाणक परीक्षा विभाग को भी उपलब्ध कराये। ध्यान रहे आपकी उक्त जानकारी के आधार पर ही त्रुटिहीन परीक्षा परिणाम देना संभव होगा। अनुपस्थित छात्रों का विवरण ऑनलाईन भी प्रेषित करें।

विशेष निर्देश– परीक्षा समाप्ति के पश्चात परीक्षावार, तिथिवार, विषयवार, प्रश्नपत्रवार अनुपस्थित परीक्षार्थियों की अनुक्रमांक सहित जानकारी पृथक–पृथक सी.डी. में तैयार कर सहायक कुलसचिव (गोपनीय) को अनिवार्य रूप से भेजें।

## 15. परीक्षा के दौरान नकल की रोकथाम–

परीक्षा के दौरान नकल करना अपराध है। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश पूर्व सूचित करें कि परीक्षा कक्ष में प्रवेश–पत्र एवं लेखन सामग्री के अतिरिक्त कोई पेपर, फोन, डिजिटल घड़ी, पेजर, माइक्रोफोन आदि साथ लेकर न जायें। उचित होगा कि परीक्षा में प्रवेश देने के पूर्व पुरूष परीक्षार्थियों की तलाशी पुरूष शिक्षकों/कर्मचारियों द्वारा एवं महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षकों/कर्मचारियों द्वारा ली जाए।

परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी के पास किसी तरह का अन्य कागज, वस्त्र एवं शरीर के किसी भी अंग में पेन या पेंसिल से लिखा हुआ पाये जाने, हथियार आदि ले जाने पर नकल प्रकरण बनाया जा सकेगा। परीक्षा भवन में केंद्राध्यक्ष/वीक्षकों के निर्देशों का पालन नहीं किये जाने पर अथवा अभद्र/अशोभनीय/अश्लील व्यवहार करने पर वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष द्वारा अनुशंसा किये जाने पर परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। परीक्षा केद्र में परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा कार्य में बाधा पहुँचाने पर केंद्राध्यक्ष/वरिष्ठकेंद्राध्यक्ष द्वारा संबंधित के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराया जा सकता है।

नकल प्रकरण बनाते समय परीक्षार्थी से प्राप्त सामग्री उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न की जाए तथा उसे वीक्षक एवं केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर से अवश्य प्रमाणित किया जाए। नकल प्रकरण से संबंधित उत्तर पुस्तिकायें उसी दिन परीक्षा/प्रश्नपत्रवार पृथक से सील बंद की जाये एवं बंडल पर विवरण दिया जाये। इन उत्तर पुस्तिकाओं को प्रतिदिन पंजीकृत डाक के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक को प्रेषित किया जाये।

## 16. लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को सील बंद रखना–

प्रत्येक पाली में परीक्षा के तुरंत बाद परीक्षार्थियों द्वारा लिखी गई उत्तर पुस्तिकाएं उपस्थित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक से अवश्य मिला लें, फिर उन्हे रोल नंबर के बढ़ते हुये क्रम में जमा लेवें। तत्पश्चात् प्रत्येक प्रश्नपत्र कोड के पृथक–पृथक बंडल बनाये। एक बंडल में एक ही प्रश्नपत्र कोड के उत्तरपुस्तिकाएं रखी जावे। एवं बंडल में अधिकतम 300 उत्तर पुस्तिकाएं रखें। यदि इस प्रक्रिया में 20 तक उत्तर पुस्तिकाएं शेष बच रही हो तो, उन उत्तर पुस्तिकाओं को अंतिम बंडल के साथ रखी जाये। इस प्रकार अंतिम बंडल में 320 उत्तर पुस्तिकाएं तक हो सकती है। अधिक उत्तर पुस्तिकाएं शेष होने पर पृथक–पृथक बंडल बनाया जाये। बंडल कपड़े की थैली अथवा क्लाथ बाइंडिंग लिफाफे में रखे तथा सील बंद करें एवं बंडल/लिफाफे पर विस्तृत विवरण अंकित करें।

## 17. उत्तर पुस्तिकाओं के प्रत्येक बंडल के ऊपर निम्नलिखित विवरण अवश्य अंकित करें:–

परीक्षा केन्द्र क्रमांक – ..............................

परीक्षा का नाम – ..............................

विषय – ..............................

प्रश्नपत्र का नाम – ..............................

प्रश्नपत्र कोड नंबर – ..............................

रखी गई उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या – ..............................

परीक्षा सम्पन्न होने की तिथि – ..............................

18. उत्तर पुस्तिकाओं के प्रत्येक बंडल के अंदर निम्नलिखित जानकारी अवश्य रखे–

01. जिन परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाएं रखी गई है उनके अनुक्रमांक
02. अनुपस्थित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक की सूची। इसकी एक प्रति सहायक कुलसचिव (गोपनीय) को अवश्य भेजें।
03. संबंधित प्रश्नपत्र की एक प्रति।

19. उत्तर पुस्तिकाएं विश्वविद्यालय/संग्रहण केन्द्रों में जमा कराने हेतु– गोपनीय विभाग से यथा समय निर्देश प्रसारित किये जायेंगे।

20. परीक्षा संबंधी सूचना भेजना– केन्द्र में परीक्षाएं सुचारू रूप से सम्पन्न हो रही है, इस संबंध में समय–समय पर विश्वविद्यालय को अवगत कराते रहेंगे। यदि किसी प्रकार की असुविधा अनुभव करे तो अपने सुझाव के साथ यथा समय विश्वविद्यालय को अवगत करायें।

**परीक्षा कक्ष में 'साइंटिफिक केल्कुलेटर', मोबाईल फोन एवं इस तरह की अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण लेकर जाना पूर्णतः वर्जित है।**

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक
बिलासपुर विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्र 1466/परीक्षा/मार्गदर्शिका/2017

बिलासपुर, दिनांक 01/03/2017

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति/कुलसचिव जी के सादर अवलोकनार्थ एवं सूचनार्थ।
2. प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, समस्त परीक्षा केंद्र, बिलासपुर विश्वविद्यालय बिलासपुर को सूचनार्थ एवं तदानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। उपरोक्त निर्देशों का अनिवार्यतः पालन सुनिश्चित किया जावे।
3. वित्ताधिकारी, बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
4. सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

01.3.2017

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
बिलासपुर विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक/1376 / परीक्षा–गोपनीय/2020 दिनांक 03.03.2020

## –::प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्षों को निर्देश::–
## विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा–2020

समस्त वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/केन्द्राध्यक्षों/सहायक केन्द्राध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि पूर्व में जारी निर्देशों के साथ निम्न निर्देशों का पालन करना भी सुनिश्चित किया जावे–

1. आपके केन्द्र में प्रेषित AH- कोड के प्रश्न–पत्र नये पाठ्यकम के परीक्षार्थियों के लिये है। AHO- कोड के प्रश्न–पत्र एक्स/पूरक प्राप्त परीक्षार्थियों को देने है।
2. AH/AHO- कोड के प्रश्न–पत्रों में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल पृथक–पृथक बनाकर प्रेषित करें। पूरक परीक्षार्थियों के बंडल में पर्ण/प्रतिपर्ण का बिना रोल नंबर लिखा हुआ प्रपत्र रखा जाये।
3. बी.कॉम. भाग दो की कक्षा के नये पाठ्यकम के लिये परीक्षा कोड 008 है एवं एक्स/पूरक परीक्षार्थियों के रूप में शामिल होने वाले छात्रों के लिये परीक्षा कोड 702 है इस कक्षा ऑनलाईन प्रविष्टि के प्रपत्र अलग–अलग है तदनुसार ऑनलाईन प्रविष्टि की जावे। शेष अन्य कक्षाओं के परीक्षार्थी जो नये/पुराने पाठ्यकम से परीक्षा में शामिल हो रहे है उनके लिये पृथक प्रपत्र नहीं दिये गये है। इनकी आनलाईन अनुपस्थिति पोर्टल में उपलब्ध फार्मेट में की जाये।

   नोटः– AHO कोड की परीक्षा में अनुपस्थित/UFM रहे छात्रों की अनुपस्थिति की ऑनलाईन प्रविष्टि AH कोड में ही की जाना है।
4. प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष प्रतिदिन अपने मेल की जॉच कर उसमें प्रदत्त निर्देशों का अवलोकन कर उनका पालन सुनिश्चित करें।
5. महाविद्यालय की सुविधा के लिये परीक्षा नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। इस कक्ष में प्रातः कालीन समयावधि के लिये डॉ. पी.एस. चौधरी मोबाईल क. 9827111290 एवं दोपहर कालीन पाली के लिये डॉ. आर.के. तिवारी मोबाईल क. 9907176385 से संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।
6. उत्तरपुस्तिकाओं को संग्रहण केन्द्र में प्रति दिन प्रेषित किया जाये प्रश्न–पत्रों की उपलब्धता/कमी की जॉच प्रश्न–पत्र प्राप्ति दिवस पर ही करें एवं इनमें किसी प्रकार की कमी हो तो गोपनीय विभाग के मेल/परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा अधीक्षक/परीक्षा नियंत्रण कक्ष में जानकारी दे।

आदेशानुसार
3/3/20
परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
## ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
website: www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 3529 / परीक्षा–गोपनीय / 2019

दिनांक 19 / 12 / 2019

## –::अधिसूचना::–

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर की स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित / एटीकेटी / भूतपूर्व परीक्षार्थियों की स्नातकोत्तर सेमेस्टर परीक्षा, दिसम्बर–2019–20 परीक्षा की अंतिम समय–सारणी अधिसूचना क्रमांक 3520 दिनांक 12.12.2019 में संशोधित करते हुए विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in पर **REVISED TIME TABLE** जारी की जा रही है। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबद्ध स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित समस्त महाविद्यालयों एवं परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि समय–सारणी का अवलोकन कर लेवें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार समय–सारणी।

आदेशानुसार

**परीक्षा नियंत्रक,**
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक / 3530 / परीक्षा–गोपनीय / 2019

दिनांक 19 / 12 / 2019

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
3. प्राचार्य, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित समस्त संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।कृपया समय–सारणी की एक प्रति सूचना पटल पर छात्र / छात्राओं के अवलोकनार्थ चस्पा करावें।
4. संपादक / संवाददाता, दैनिक.......................... को इस अनुरोध के साथ सूचनार्थ कि छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. विश्वविद्यालय सूचना पटल / वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

19/12/19

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**

# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
## ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
www.bilaspuruniversity.ac.in

बिलासपुर, दिनांक 30/11/2018

क्रमांक/ 575 /परीक्षा–गोपनीय/2018

### –::अधिसूचना::–

स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा, दिसंबर–2018 के लिये कॉलम (3) में अंकित 43 महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जाता है और कॉलम (5) में अंकित महाविद्यालयों को कॉलम (3) में अंकित परीक्षा केन्द्र में संलग्न किया जाता है:–

| क्र. | केन्द्र क्रमांक | परीक्षा केन्द्र का नाम | महाविद्यालय क्रमांक | संलग्न महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | 104 | शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर | 212 | नलिनी प्रभा देवप्रसाद राय महाविद्यालय, बिलासपुर |
| 2 | 105 | शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय, बिलासपुर | | |
| 3 | 106 | शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा | | |
| 4 | 107 | शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय, कोटा | | |
| 5 | 108 | शासकीय राजीव गाँधी महाविद्यालय, लोरमी | | |
| 6 | 110 | शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय, मस्तुरी | 223 | संत गुरू घासीदास महाविद्यालय, पचपेड़ी |
| 7 | 111 | शासकीय जे.पी. मिश्र विज्ञान महाविद्यालय, मुंगेली | 221 | एस.एन.जी. महाविद्यालय, मुंगेली |
| 8 | 113 | शासकीय वीरांगना अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, पथरिया | | |
| 9 | 114 | डॉ. भंवर सिंह पोर्ते शासकीय महाविद्यालय, पेण्ड्रा | 116 | शासकीय माधवराव सप्रे कन्या महाविद्यालय, पेण्ड्रारोड |
| | | | 226 | बी.एल.टी. महाविद्यालय, रतनपुर |
| 10 | 117 | शासकीय महामाया महाविद्यालय, रतनपुर | | |
| 11 | 118 | शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय, सीपत | | |
| 12 | 119 | शासकीय जे.एम.पी. महाविद्यालय, तखतपुर | | |

डॉ चतुर्वेदी 12.12.18

...य, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
...ALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
...bilaspuruniversity.ac.in

.../2019 दिनांक 09/03/2019

# —::सूचना::—

## विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा—2019

...बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर की सत्र 2018—19 की मुख्य परीक्षा—2019 ...अधिसूचना कमांक/0063/परीक्षा—गोपनीय/2019 बिलासपुर दिनांक 03/01/2019 द्वारा एवं अधिसूचना कमांक/0077/परीक्षा—गोपनीय/2019 बिलासपुर दिनांक 04/02/2019 द्वारा अंतिम समय—सारणी अधिसूचित की गई है। अधिसूचना कमांक/0079/परीक्षा—गोपनीय/2019 बिलासपुर दिनांक 04/02/2019 एवं अधिसूचना कमांक/0097/परीक्षा—गोपनीय/2019 बिलासपुर दिनांक 13/02/2019 द्वारा समय—सारणी में त्रुटि सुधार संबंधी अधिसूचना जारी की गई है। उपरोक्त अधिसूचनाओं के अनुसार विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा—2019 अधिसूचना कमांक/0087/परीक्षा—गोपनीय/2019 बिलासपुर दिनांक 08/02/2019 द्वारा कुल 95 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षाएं 01/03/2019 से प्रारंभ हो गई है।

दिनांक 09/03/2019 को बिलासपुर संभाग के स्थानीय समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं की तिथि में परिवर्तन/संशोधन किये जाने संबंधी समाचार/संदेश प्रकाशित एवं प्रसारित किये गये है। **सर्व संबंधित छात्र/छात्राओं/परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली मुख्य परीक्षा—2019 उपरोक्त अधिसूचनाओं में अधिसूचित समय—सारणी के अनुसार पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथि एवं समय पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होंगी।**

आदेशानुसार

9.3.19

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/0180/परीक्षा—गोपनीय/2019
बिलासपुर, दिनांक 09/03/2019

प्रतिलिपि :—

1. माननीय कुलपति महोदय/कुलसचिव अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
2. प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, समस्त संबद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
3. संपादक/संवाददाता, समस्त इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित एवं प्रसारित करने का कष्ट करें।
4. विश्वविद्यालय सूचना पटल/वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

9.3.19
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

BU/AR Conf./Letters/2018

स्थायी तीनों पाली के केन्द्राध्यक्षों को सूचित करें। एवं सूचना पटल पर चस्पा करें।
11.3.19

क. 35
दि. 11/3/19

ल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

पुराना हाईकोर्ट भवन बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001
ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्र/0199/परीक्षा–गोपनीय/2019 दिनांक 15.03.2019

प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
समस्त परीक्षा केन्द्र, मुख्य परीक्षा–2019
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

**विषय :– मुख्य परीक्षा–2019 के प्रश्नपत्र कोड कमांक AG-1108 के संबंध में।**

––0––

विषयांतर्गत मुख्य परीक्षा–2019 की दिनांक 19.03.2019 को प्रथम पाली में संपन्न होने वाली परीक्षा के प्रश्नपत्र कोड कमांक AG-1108 के संबंध में निम्नानुसार स्पष्टीकरण जारी किया जाता है–

| Sr. No. | Paper Code | Date of Exam | Time of Exam | Name of Exam | Subject/Paper |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AG-1108 | 19-Mar-19 | 07:00 AM TO 10:00 AM | B. SC. PART-I (ONE) | MATHEMATICS-3 |
| | | | | | |

अतः प्राचार्य एवं वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/पर्यवेक्षक/केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

आदेशानुसार
(हस्ताक्षर) 15/3/19
परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/0200/परीक्षा–गोपनीय/2019 दिनांक 15.03.2019

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के सादर सूचनार्थ।
